प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार:

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- मुद्रा योजना का उद्देश्य युवाओं को रोजगार मांगने वालों के बजाय रोजगार देने वाले बनाना है।
- गौ-शालाओं को अब रोज 20 रुपये की बजाए 40 रूपये प्रति गौवंश मिलेंगे, पीपीपी मोड़ पर खुलेंगे मेडिकल कालेज
- प्रदेश के अधिकारी और कर्मचारियों की जल्दी ही मिलेगी पदोन्नति।
- लोकप्रिय राई कलाकार पद्मश्री रामसहाय पांडे को आज पूरे सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई ।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि सरकार ऐसी गतिशील व्यवस्था बनाने पर ध्यान देना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक आकांक्षी उद्यमी को ऋण सुविधा उपलब्ध हो और वह विश्वास के साथ आगे बढ़ सके। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री मोदी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, उन्हें विश्वास तथा आत्मविश्वास से भरना तथा रोजगार मांगने वालों के बजाय रोजगार देने वाले बनने की क्षमता प्रदान करना है।

अमित शाह भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में 13 अप्रैल को भोपाल के रविंद्र भवन में राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। पहले यह सम्मेलन नीमच में होना प्रस्तावित था लेकिन अब इसके स्थान बदलाव किया गया है। केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन में दुग्ध संघों, एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सहकार से समृद्धि के विजन के अंतर्गत मप्र एक महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। सहकार्यता अनुबंध के माध्यम से किसानों और पशुपालकों की जिंदगी बदलने का महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जाएगा।

मंत्रिमंडल निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना की नीति : 2025 की स्वीकृति दी गयी । मंत्रि-परिषद द्वारा गौ-शालाओं को 20 रुपये प्रति गौवंश प्रति दिवस से बढ़ाकर 40 रूपये प्रति गौवंश प्रति दिवस किये जाने का निर्णय भी लिया गया। इसी तरह, मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना का नाम "डॉ. अम्बेडकर पशुपालन विकास योजना" रखे जाने का निर्णय लिया गया।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में चिकित्सा महाविद्यालयों को पीपीपी मोड पर स्थापित करने को मंजूरी दे दी है ।

इंदौर जल गंगा संवर्धन अभियान

इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गाँव-गाँव में जल संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जल संवाद कार्यक्रम में जहाँ एक ओर ग्रामीणों को जल की महत्ता बताकर जल बचाने का संकल्प दिलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गाँव की जल संरचना के जीर्णोंद्धार के लिए श्रमदान भी किया जा रहा है। इसी सिलसिले में जिले के देपालपुर विकासखंड के अनेक गाँवों में जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किये गये। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से हुए।

कर्मचारी पदोन्नति

प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों की पदोन्नति शीघ्र होगी। इस बारे में राज्य शासन द्वारा शीघ्र ही निर्णय लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कहा कि प्रदेश के लगभग 4 लाख अधिकारी-कर्मचारी इस निर्णय से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि पदोन्नति से संबंध में मुख्यमंत्री स्तर से 12 से अधिक बैठकों में विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही मंत्रि-परिषद की बैठक में इस संबंध में निर्णय होगा।

कृषि नवाचार-शिवराज

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और इजराइल के कृषि मंत्री अवी दिख़्तेर ने आज नई दिल्ली में कृषि में द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित समझौतों पर हस्ताक्षर किए। श्री चौहान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देश कृषि, नवाचार, जल और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट सहयोग कर रहे हैं।

## राई कलाकार

लोकप्रिय राई कलाकार पद्मश्री रामसहाय पांडे को आज सागर में पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी के अनुसार स्वर्गीय पाण्डे ने बेड़िया समुदाय के पारंपरिक नृत्य राई को लेकर अभूतपूर्व कार्य किया। उन्होंने राई नृत्य को जातीय नृत्य से बुन्देलखण्ड की समृद्ध संस्कृति का हिस्सा बनाया। मध्यप्रदेश शासन ने 1983 में उन्हें शिखर सम्मान और 2012 में राष्ट्रीय तुलसी सम्मान से अलंकृत किया था।

## क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

वित्तीय सेवा विभाग ने एक राज्य एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के सिद्धांत पर 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय को अधिसूचित कर दिया है। इसका मुख्य उद्देश्य कार्यकुशलता में सुधार और लागत को तर्कसंगत बनाना है। यह क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय का चौथा चरण है। पूर्व में विलय के कारण इन बैंकों की कार्यकुशलता में सुधार को ध्यान में रखते हुए वित्त मंत्रालय ने पिछले वर्ष नवंबर में विलय की नई योजना शुरू की थी। इस समय 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक काम कर रहे हैं। विलय के बाद 28 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रह जाएंगे।

## समाचार संक्षेप में....

- अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग में राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने पुलिस लाइन हरदा में शहीद स्मारक पर नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहीदों से जुड़े विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है।
- भोपाल जिला न्यायलय की विशेष अदालत में ईडी ने आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा, उसके सहयोगियों शरद जायसवाल, चेतन सिंह गौर के खिलाफ अदालत में चालान पेश कर दिया है।
- महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैनदर्शन विद्याशाखा , केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर द्वारा कल 'वर्तमाने वर्द्धमानस्य प्रासंगिकता' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

- हरदा में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों  को पाठ्यपुस्तकों की सुलभ उपलब्धता के उद्देश्य से 2 दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेला शासकीय कन्या सी एम  राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया।

- सीहोर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इन दिनों बारिश में जल संरक्षण के लिए कुओं की मरम्मत, तालाबों का गहरीकरण और डैम की सफाई की जा रही है ।

- अनूपपुर में गर्मी के मद्देनजर कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक के सभी स्कूलों के संचालन का समय बदलकर सुबह साढ़े सात  बजे से दोपहर 12 बजे तक नियत किया गया है।

- सागर जिले के जैसीनगर मे नामांतरण को लेकर चार हज़ार रूपए की रिश्वत लेते सहायक ग्रेड तीन कर्मचारी को लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा है।

- देवास में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

- मुरैना जिला के पचौरीपुरा पेट्रोल पम्प के पास आज एक लग्जरी वाहन अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पांच फुट गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना में परिवीक्षाधीन उप जिलाधीश विकास कैमोर और उनके दो सहयोगी घायल हो गए.

- रतलाम मंडल के खिलाडियों ने हावड़ा में आयोजित ऑल इंडिया रेलवे जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड एवं एक ब्रॉंज मेडल अपने नाम किया।

----------------------